राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

## सर्बिया में वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने पर राज्यपाल श्री बागडे ने राहुल शर्मा को बधाई दी

जयपुर, 28 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सर्बिया में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (SH1) स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने पर राजस्थान के राहुल शर्मा को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल शर्मा के खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित हुआ है।

श्री बागडे ने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के जारी रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने इन खिलाड़ियों पर गर्व है।

———

## राज्यपाल श्री बागडे की गुरु पूर्णिमा पर शुभकामनाएं

जयपुर, 28 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरु पूर्णिमा पर्व (29 जुलाई) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

श्री बागडे ने कहा कि यह पर्व गुरु के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। सनातन संस्कृति में गुरु को अति विशिष्ट स्थान दिया गया है। गुरु हमें केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन में सही मार्ग पर चलने, अच्छे संस्कार अपनाने और सत्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित करते है।

———————